1	2	3	4	5
28	Daman & Diu	0	0	10
29	Dadra & Nagar Haveli	0	0	0
30	Delhi..... . .	109	102	178
31	Lakshadweep	0	0	0
32	Pondicherry . . . . . .' ' .	2	0	4

NOTE : This statement is based on the reply given to Rajya Sabha Unstarred question No. 641 answered on 28-2-1992.

मध्य प्रदेश में बोहराओं का बहिष्कार

3589. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 21 फरवरी, 1992 के नवभारत टाइम्स में "मध्य प्रदेश में बोहराओं का बहिष्कार शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर गया है ;

(ख) क्या सरकार ने इस दिशा में कोई जांच कराई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) जी, हां श्रीमान ।

(ख) और (ग) इस मामले में कोई कदम उठाने का प्रश्न तभी उठेगा जबकि बोहरा समुदाय के किसी व्यक्ति के साथ किसी निर्दिष्ट पर किसी प्रकार का सामाजिक भेदभाव का व्यवहार किया जाता है तथा खिन्न व्यक्ति संविधान के तहत अपने अधिकारों की मांग करेगा है । अतः सरकार द्वारा कोई जांच कराने का प्रश्न नहीं उठता है ।

बंगलादेशी घुसपैठियों का निर्वासन

3590. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बंगलादेश से अवैध ढंग से बड़ी संख्या में आने वाले घुसपैठिये पश्चिम बंगाल, बिहार तथा अन्य कई राज्यों में बस गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो बंगला देश से घुसपैठ करने वाले लोगों की वर्षवार संख्या क्या है जो गत तीन वर्षों के दौरान भारत में बस गये हैं और ये घुसपैठिए अधिक संख्या में कहां बसे हुए हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि वे दिल्ली में झुग्गी झोंपड़ियों में रह रहे हैं और विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में अन्तर्ग्रस्त रहते हैं और साम्प्रदायिक वैमनस्य फैलाते हैं ;

(घ) क्या इनमें से किसी घुसपैठिए को सरकार द्वारा दण्डित किया गया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) क्या सरकार ने इन घुसपैठियों को वापिस भेजने के लिए कोई कार्यवाही की है और यदि हां,